सेवा में,

श्रीमान् उप महानिदेशक (अभियंत्रण) / कार्यालय अध्यक्ष,
दूरदर्शन केन्द्र, पटना ।

विषयः संजीव कुमार सिन्हा, (यू0 डी0 सी0) के संवेदनहीन एवं अमानवीय व्यवहार के कारण उन्हें (संजीव कुमार सिन्हा के) स्थानान्तरण करने के संबंध में।

महोदय,

आपको अवगत कराना चाहता हूँ कि संजीव कुमार सिन्हा (यू0 डी0 सी0) द्वारा बार–बार, कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के प्रति अमानवीय व्यवहार एवं कार्यालय का माहौल बिगाड़ने का कार्य होता रहा है। कभी–कभी तो इनको सभी सीमाएँ लांघते हुए देखा गया है। कर्मचारियों को प्रताड़ित करने हेतु वे अपने कार्यक्षेत्र के दायरे से बाहर जा कर कार्य करने में जरा भी संकोच नहीं करते हैं।

महोदय कुछ घटनाओं के बारे में आपको यहाँ अवगत कराना चाहता हूँ। दिनांक 20.02.2014 को नसीम अहमद (व0अ0स0) कार्यालय में अपने कार्य पर उपस्थित थे और कार्य निष्पादन के दौरान अचानक बेहोश हो गये। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ पता चला कि उन्हें क्रिटिकल ब्रेन हैम्ब्रेज हुआ है। तदोपरांत, उनका ऑपरेशन भी हुआ। इस दौरान उनको खून की जरूरत पड़ी जो उपलब्ध कराया गया। दूसरे दिन भी डॉ0 द्वारा निर्देश दिया गया कि खून की जरूरत है। उनके ब्लड ग्रुप के ही ब्लड ग्रुप (A+) वाले व0 अभि0 सहा0 श्री एन. के. सिंह, सहायक अभियंता श्री पी. के. मल्लिक के साथ रक्तदान हेतु अस्पताल जा रहे थे। अस्पताल पहुँचने के थोड़ा पहले ही–ड्राईवर को मोबाईल पर संजीव कुमार सिन्हा, यू0 डी0 सी0 ने निर्देश दिया कि आप जहाँ भी हैं, वहीं से वापस लौटें। इस पर सहायक अभियंता महोदय ने संजीव से बात किया। उन्होंने बताया कि हम अस्पताल के बिल्कुल करीब हैं। वहाँ का कार्य संपन्न कर तत्काल कार्यालय लौटते हैं। इस पर संजीव ने कहा गाड़ी आगे बिल्कुल नहीं जाएगी। गाड़ी तत्काल हर–हाल में वहीं से वापस लौटेगी। सारा मामला बताने पर भी संजीव कुमार सिन्हा ने कहा, इससे हमें कोई मतलब नहीं, आप गाड़ी छोड़िए। जबकि सहायक अभियंता का नियमानुसार माँग–पत्र (Requisitition of Car) भी दिया हुआ था। गाड़ी वापस मंगवाने का संजीव के द्वारा कोई वाज़िब वजह भी नहीं बताया गया ।
इस तरह श्री संजीव कुमार सिन्हा के अमानवीय एवं संवेदनहीन कृत के बजह से श्री नसीम अहमद वरीय अभियंत्रण सहायक को आवश्यक रक्त उपलब्ध नहीं कराया जा सका जो कोमा में उद्दयन हॉस्पीटल में जीवन हेतु सघर्षरत है । विदित हो कि इस अमानवीय व्यवहार से यदि कोई अनहोनी घटना धटती है तो इसकी पूरी जबावदेही श्री संजीव कुमार सिन्हा की होगी ।

इससे पूर्व भी इनके द्वारा स्टाफ पर किए गए ज्यादतियों के अनेकों उदाहरण हैं–जैसे एक घटना दिनांक 23.03.2012 को हुई थी। जिसमें उन्होंने कार्यालय के मर्यादा के बिल्कुल विरुद्ध अनैतिक एवं शर्मनाक कार्य किया था। उस समय उन्होंने न केवल कानून को अपने हाथ में लिया बल्कि बेवजह मानवता को भी शर्मसार किया। एक सेवानिवृत्त बुजुर्ग सहायक अभियंता श्री जगदीश प्रसाद के साथ दुर्व्यवहार तो किया ही साथ में उनपर शारीरिक बल का भी इस्तेमाल किया। (प्रतिलिपि संलग्न है)

ऐसी परिस्थिति में संजीव कुमार सिन्हा, यू0 डी0 सी0 जो कि दूरदर्शन केन्द्र पटना में लगभग 12 वर्षो से निहीत स्वार्थ की पूर्ति हेतु मनचाहे कार्य को करते आ रहे हैं । अतः उनके आचरण को देखते हुए इनका **स्थानांतरण** अति आवश्यक है। ताकि कार्यालय में एक स्वस्थ माहौल बन सके।

संलग्नकः–

1. दूरदर्शन केन्द्र पटना के कर्मचारियों के हस्ताक्षर।

भवदीय

दूरदर्शन केन्द्र, पटना के स्टाफगण

प्रतिलिपि :–

1. महानिदेशक दूरदर्शन भवन, कॉपरनिकस मार्ग नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
2. महानिदेशक आकाशवाणी , आकाशवाणी भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली ।
3. मुख्य सतर्कता अधिकारी, दूरदर्शन महानिदेशालय, कॉपरनिकस मार्ग नई दिल्ली ।
4. अतिरिक्त महानिदेशक अभियांत्रिकी, पूर्वी क्षेत्र आकाशवाणी भवन, इडेन गार्डेन कोलकाता ।
5. नामतः श्री महेश जोशी, अतिरिक्त महानिदेशक पूर्वी क्षेत्र दूरदर्शन भवन चौथा तल, कॉपरनिकस मार्ग नई दिल्ली।
6. अध्यक्ष आरती, पोस्टबॉक्स 422, नई दिल्ली ।
7. अध्यक्ष, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन तकनीकी कर्मचारी संघ, पोस्ट बॉक्स न0–736, नई दिल्ली–01.
8. उपाध्यक्ष, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन तकनीकी कर्मचारी संघ पोस्ट बॉक्स न0 2607, कोलकाता।
9. उपाध्यक्ष, आरती, पोस्टबॉक्स 2713, कोलकाता।

दूरर्दशन केन्द्र, पटना के स्टाफगण